बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता रैली निकाल कर बचपन बचाने को एकजुट हुआ शोहरतगढ़

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। बच्चों के हाथों में औजार नहीं, कलम और किताब होनी चाहिए। इसी सन्देश के साथ मंगलवार को शोहरतगढ़ में बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता की मुहिम चलाई गयी। बाल श्रम मुक्त उत्तर प्रदेश अभियान के तहत श्रम विभाग व मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान की संयुक्त तत्वाधान में जन जागरूकता रैली निकाली गयी।

नपं शोहरतगढ़ के गड़ाकुल तिराहे से निकली रैली को उपजिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, पुलिसकर्मियों, एसएसबी जवानों और व्यापारियों ने शामिल होकर बाल श्रम के विरुद्ध आवाज बुलन्द की।

रैली के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में जागरूकता सन्देश लिखी तख्तियां लेकर लोगों को बाल श्रम के दुष्परिणामों से अवगत कराया। उन्होंने दुकानदारों और व्यापारियों से अपील की कि किसी भी बच्चे से काम न कराएं और उन्हें शिक्षा से जोड़ने में सहयोग करें। अभियान के तहत विभिन्न दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर 'बाल श्रम मुक्त प्रतिष्ठान' के स्टीकर भी चस्पा किये गये। इसके माध्यम से प्रतिष्ठान संचालकों को बाल श्रम के विरुद्ध अपनी जिम्मेदारी निभाने का सन्देश दिया गया।

मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान की ओर से शोहरतगढ़ और बढ़नी के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को बाल श्रम मुक्त बनाने की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के माध्यम से प्रस्ताव पारित कराने की प्रक्रिया चल रही है, जिसे इसी माह तक पूरा करने का लक्ष्य है। अभियान का उद्देश्य बच्चों को मजदूरी से मुक्त कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है। उपजिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के बचपन,



शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। प्रत्येक बच्चे को विद्यालय जाने, शिक्षा प्राप्त करने और सुरक्षित वातावरण में बचपन बिताने का अधिकार है। बाल श्रम समाप्त करना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सामूहिक दायित्व है। जन जागरूकता रैली में मुख्य रूप से श्रम प्रवर्तन अधिकारी जितेन्द्र कुमार, एएचटी प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र यादव, उप निरीक्षक लक्ष्मण प्रसाद, एसएसबी 43वीं वाहिनी के सहायक कमाण्डेंट निलेश, उप निरीक्षक रविकान्त, उत्तर प्रदेश व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष आनन्द कसौधन, पवन कसौधन, शिवपति इन्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य विक्रम प्रसाद यादव, मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान से डिस्ट्रिक्ट लीड प्रसून शुक्ला, जिला एमआईएस अभिषेक मिश्रा, जिला सलाहकार जय प्रकाश गुप्ता, क्षेत्र समन्वयक तेज नारायण, ब्लॉक समन्वयक ई0 अमन शर्मा, पीयर एजुकेटर लक्ष्मी चौधरी, मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार यादव, महिला आरक्षी उर्मिला, पवन मौर्या, सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक, एसएसबी जवान, पुलिसकर्मी एवं व्यापार संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अन्त में सभी प्रतिभागियों ने बाल श्रम मुक्त शोहरतगढ़ बनाने, बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने और प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ने का संकल्प लिया।

प्री ट्रायल बैठक में मोटर दुर्घटना वादों के अधिकाधिक निस्तारण पर बल

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ, के निर्देश क्रम में मंगलवार को पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अरविंद राय की अध्यक्षता में आगामी 12 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित किए जाने हेतु प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया।उक्त बैठक में अरविन्द राय (पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सिद्धार्थनगर) ने कहा कि मोटर दुर्घटना के प्रतिकर दावों से संबंधित जिन वादों के निस्तारण की संभावनाएं है, उन सभी मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रस्तुत किए जाने हेतु पक्षकारों एवं बीमा कम्पनियों की ओर से उपस्थित अधिवक्तागण सहयोग प्रदान करें। प्री ट्रायल बैठक में विवादित बिंदुओ, संभावित सेटलमेंट, बीमा दायित्व तथा आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता पर विचार-विमर्श किया गया, जिससे की राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अधिक से अधिक मामलों का सौहार्दपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

सभी संबंधित पक्षकार, बीमा कम्पनी के विद्वान अधिवक्ताओं से आगामी 12 दिसम्बर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में समय से उपस्थित होकर अधिक से अधिक मामलों को निस्तारित कराने पर बल दिया गया।

इस मौके पर सचिव जिला विधिक



सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र नाथ ,अधिवक्ता सम्पूर्णा नन्द बक्शी, इम्तियाज अली ,मो0 आतिफ मलिक ,अरूण कुमार त्रिपाठी ,सिराज तारिक, रामप्रकाश धर द्विवेदी, गिरजेश बहादुर सिंह , दिलीप कुमार श्रीवास्तव, प्रभाकर गुप्ता, विनय चन्द्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभाग

सिद्धार्थनगर। विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के न्याय पंचायत स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन न्याय पंचायत टेकनार के प्राथमिक विद्यालय मुड़ीला खुर्द में हुआ। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र- छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्राथमिक विद्यालय टेकनार की छात्रा सुमन



चैंपियनशिप का खिताब हासिल करने में कामयाब रहीं। बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई अध्यक्ष लालजी यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर किया। 50 मी0 दौड़ बालक वर्ग में टेकनार के नैतिक को प्रथम स्थान व लक्ष्मीनगर के आदित्य को दूसरा स्थान मिला, जबकि बालिका वर्ग दौड़ प्रतियोगिता में टेकनार की सुमन को प्रथम व लक्ष्मीनगर की महिमा को दूसरा स्थान हासिल हुआ। इसी क्रम में 100 मी0 दौड़ बालक वर्ग बुढ़ापार के नीरज को प्रथम स्थान और चिल्हियां के अंश शर्मा को दूसरा स्थान मिला, जबकि बालिका वर्ग में टेकनार के सुमन को पहला स्थान और महिमा को दूसरा स्थान मिला।

200 मी0 बालक वर्ग दौड़ में जैकी मुडिला खुर्द को प्रथम स्थान और नीरज बुढ़ापार को दूसरा स्थान मिला। बालिका वर्ग में टेकनार की सुमन पहले स्थान व महिमा दूसरे स्थान पर रही। कबड्डी प्रतियोगिता बालक वर्ग में टेकनार की टीम विजेता व लक्ष्मी नगर की टीम उप विजेता रही, बालिका वर्ग में मुडिला खुर्द की टीम विजेता व व टेकनार उप विजेता रही। स्थान प्राप्त सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता आयोजक नोडल शिक्षक व एसआरजी कल्पना, प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई अध्यक्ष लालजी यादव, सुनील कुमार (ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शोहरतगढ़), पृथ्वीपाल, नन्दनी उपाध्याय, जानकी प्रसाद, बनारसी दास, अंशुमान सिंह, जीतेन्द्र कुमार गुप्ता, अश्वनी चौधरी, रामप्रसाद यादव आदि लोग मौजूद रहे।

कोई कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता सभी कार्यों का अपना महत्व है-विनय वर्मा

बढ़नी/ सिध्दार्थनगर। जब हम सुबह उठते है तो क्या दिखायी देता है हमे अपनी गली मुहल्ले साफ दिखायी देता है अगर आप लोग दो दिन छुट्टी कर दे तो कचरों का ढेर लग जायेगा।जिससे विभिन्न प्रकार की बिमारियां जन्म लेगी।

उक्त आशय का विचार मंगलवार को नगर के पी डब्लू डी निरीक्षण गृह के प्रांगण में नगर पंचायत बढ़नी के सफाई कर्मियों को दीपावली का उपहार वितरण कार्यक्रम में क्षेत्रिय विधायक विनय वर्मा की धर्म पत्नी श्रीमती बबिता वर्मा ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप लोगों के द्वारा किये कार्यों की अहिनियत समझनी चाहिए।हमारे देश के प्रधानमंत्री जी ने प्रयाग राज के कुंभ मेले में सफाई कर्मचारियो का चरण धोकर आशीर्वाद लिया था और ये संदेश पूरे देश में पहुंचाया था । वैसे ही हमारे विधायक जी कहना है कि कोई कार्य छोटा य बड़ा नहीं होता सभी कार्यों का अपना महत्व है वैसे समाज में



किये गये प्रत्येक का कार्य का अलग अलग महत्व है। देश के प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन योजना लागू किया था उसके असली नायक हीरो आप सब है आप लोग परदे के पीछे कार्य करते है सामने कभी नही आते। लेकिन आप लोगों के द्वारा किया गया कार्य शुचारू रूप से चला आ रहा है हम आप सभी भाइयों बहनों माताओ का चरण स्पर्श करती हूं।हमे याद है कि कोरोना काल में हम लोग अपने घरों में बैठे थे आप लोगों के द्वारा अस्पताल, दफ्तर,लगी मुहल्लों में सेनीटाइज किया था ताकि बिमारियां को रोजा जा सके।आप लोगों के द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा देश के प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश देश के मुख्यमंत्री करते है।

विधायक जी का कहना है कि हमारा परिवार विधान सभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के हर नागरिक है। श्री मती वर्मा ने कहा कि ये साड़ी, मिठाई कोइ उपहार नहीं है ये आप के प्रति स्नेह आप का आशीर्वाद है और हम महालक्ष्मी जी और छठ मईया से हाथ जोड़कर निवेदन करती हूं कि आप और आप के परिवार और क्षेत्र के समस्त परिवार पर हाथ बनाये रखे। वही विधायक विनय वर्मा ने कहा कि हम विकास कार्यों पर विश्वास करते है।

कार्यक्रम को प्रदीप कमलापुरी ,ईओ अजय कुमार, हरि गोबिंद मिश्रा आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत बढ़नी के कर्मचारी, गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

कथावाचक विजय कौशल महाराज ने सुनाया राम विवाह प्रसंग

सिद्धार्थनगर। जिले के सेमरहना गांव में इन दिनों भक्ति की बयार बह रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेंद्र प्रताप सिंह द्वारा अपने पैतृक गांव में भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है, जिसमें



देश के मशहूर कथावाचक विजय कौशल महाराज अपने ओजस्वी व मधुर वचनों से श्रद्धालुओं को निहाल कर रहे हैं। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के विवाह प्रसंग का मनमोहक वर्णन किया गया, जिसे सुनकर पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति रस में डूब गए.क्षेत्र में हुई भारी बारिश के कारण कथा स्थल के आसपास पानी भर गया था और बैठने की व्यवस्था में कुछ असुविधा भी उत्पन्न हुई। इसके बावजूद डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र सहित दूर-दराज से पहुंचे हजारों की संख्या में महिलाओं और पुरुषों का उत्साह कम नहीं हुआ, स्थिति यह रही कि कुर्सियां कम पड़ने के कारण कई श्रद्धालुओं ने खड़े होकर राम कथा का रसपान किया आयोजकों के अनुसार, यह धार्मिक अनुष्ठान 5 नवंबर तक चलेगा।

कथा में प्रतिदिन बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए व्यापक प्रबंध किए गए हैं । कथा समाप्ति के पश्चात सभी आगंतुकों और श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद (भोजन) की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि लोग भोजन ग्रहण कर अपने गंतव्य की ओर लौट सकें । इस आध्यात्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को राममय बना दिया है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में पहुंचकर लोग पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

पुलिस ने वाहन चेकिंग के साथ लोगो को किया जागरूक

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। गया तथा नगर क्षेत्र के तेतरी उसका बाजार थाना की पुलिस ने



एस आई अरविंद कुमार दूबे की अगुवाई में मंगलवार को पकड़ी चौराहे पर वाहन चेकिंग किया चौराहे पर टेंपो पर रिफ्लेक्टर लगाकर ड्राइवर को जागरूक किया गया है।गौरतला है कि यातायात माह को देखते हुए पकड़ी चौराहे पर वाहन चेकिंग किया गया जिसमें 17 वाहनों से 17500 का ही चालान किया गया।इस दौरान वाहन चालकों को पुलिस ने यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी है और कहा है की यातायात नियमों को तोड़ने पर संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

सम्मान समारोह आयोजित

बढ़नी सिद्धार्थनगर विधानसभा क्षेत्र 302 शोहरतगढ़ अंतर्गत अमर बाल विद्या मंदिर, बढ़नी में गुरुजनों एवं शिक्षकों के सम्मान में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर शिक्षा जगत के प्रति समर्पित सभी आदरणीय गुरुजनों एवं शिक्षकों को अंगवस्त्र एवं सम्मान भेंट कर उनका श्याम जायसवाल द्वारा अभिनंदन किया गयाकार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं नन्हे-मुन्ने बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने इस आयोजन को और भी यादगार बना दिया। इस अवसर पर अमर बाल विद्या मंदिर के प्रबंधक श्री ध्रुव नारायण उपाध्याय जी नगर पंचायत अध्यक्ष छोटे भाई सुनील अग्रहरि जी जिला कार्य समिति सदस्य अमित मौर्या जी मंडल मंत्री श्री ध्रुव चतुर्वेदी जी जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा राजू मौर्या जी युवा मंडल उपाध्यक्ष राकेश जायसवाल जी आदि सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

जनगणना प्रशिक्षण का दूसरा चरण शुरू

इटवा (सिद्धार्थनगर)। नगर पंचायत कार्यालय इटवा में मंगलवार को जनगणना प्रशिक्षण के दूसरे चरण का शुभारंभ हुआ। इसमें 45 प्रगणकों और



पर्यवेक्षकों को जनगणना से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया। जिला फील्ड ट्रेनर आशुतोष जायसवाल और डॉ. अयाज अहमद ने प्रशिक्षुओं को जनगणना की बारीकियों से अवगत कराया। साथ ही मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़ों की प्रविष्टि करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक प्रगणक को 40 प्रश्नों के उत्तर मोबाइल एप में दर्ज करने की प्रक्रिया समझाई गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि जनगणना के तहत सामान्य परिवारों, संस्थागत परिवारों और बेघर परिवारों की गणना की जाएगी। बेघर परिवारों की गणना चार जनवरी 2027 को निर्धारित है। प्रशिक्षण का प्रथम चरण 30 और 31 अक्टूबर तथा दो नवंबर को आयोजित किया गया था। वहीं दूसरा चरण तीन नवंबर से शुरू होकर चार और पांच नवंबर तक चलेगा। इस अवसर पर नगर पंचायत इटवा के अधिशासी अधिकारी शिवकुमार, लिपिक आकाश शर्मा, टीए संतोष श्रीवास्तव, सहायक राजकुमार मौर्य, अध्यापक हेमंत गुप्ता, अनिकेत सिंह, पूजा जायसवाल और संगीता यादव आदि की मौजूदगी रही।

कार्यालय अधिशासी अभियंता प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि., देवरिया

पत्रांक-4126/4ए दिनांक 24-10-2026

निविदा आमंत्रण सूचना (ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1- महामहिम राज्यपाल, महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, देवरिया द्वारा उत्तर प्रदेश, लोक निर्माण विभाग में "ए.बी.सी. एवं डी" श्रेणी में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दरों में अधोलिखित मार्ग कार्य हेतु आनलाइन बिड्स आमंत्रित की जाती है :-

2-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता	कार्य पूर्ण करने का समय
1	2	3	4	5	6	7	8	9
	वित्तीय वर्ष 2026-27 मे जनपद देवरिया मे विशेष मरम्मत का कार्य।							
1	खरजरवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	16.00	1.60	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
2	देवरिया कसया मार्ग से रघवापुर ग्राम सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	13.20	1.32	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
3	एस0एन0जी0डी0बी0 मार्ग से दानोपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	31.60	3.16	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
4	गायत्रीपुरम सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	32.60	3.26	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
5	एस0एन0जी0डी0बी0 मार्ग से भगुआ सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य चैनेज 0.500-8.500।	16.20	1.62	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
6	बेलडरिया खोराराम किमी0 4 से इटवा सम्पर्क मार्ग के चैनेज 0.100 से 0.250 एवं चैनेज 0.600 से 0.700 तक।	19.40	1.94	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
7	भटनी भिंगारी किमी0 8 से माधोछपरा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	17.40	1.74	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
8	रघुनाथपुर से टीकमपार नेटुआबीर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	20.00	2.00	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
9	रतसिया सिकटिया से जगदीशपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	5.40	0.54	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
10	पकड़ी बंगरा मिश्रौली मार्ग से प्रा0वि0 कतरवा हरदो सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	17.30	1.73	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
11	बलुअन खास से टोला मिश्रौली सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	29.00	2.90	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
12	रघुनाथपुर नेटुआबीर टीकमपार मार्ग से रघुनाथपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	17.10	1.71	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
13	सोहनपुर अवगा होते हुए बिहार बार्डर तक सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	32.00	3.20	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
14	खामपार बांगरबारी सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	10.70	1.07	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
15	पलिया से रम्पुरवा सम्पर्क मार्ग के चैनेज 0.180 से 0.360 तक विशेष मरम्मत का कार्य।	9.20	0.92	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
16	बैदा जगन्नाथपुर किमी0 1 से लीलापुर भैंसई सम्पर्क मार्ग के चैनेज 0.170 से 0.400 तक विशेष मरम्मत का कार्य।	11.75	1.18	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
17	विधान सभा क्षेत्र रूद्रपुर अन्तर्गत राजस्व ग्राम लक्ष्मीपुर में बसहवा सम्पर्क मार्ग का कार्य।	24.30	2.43	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
18	सरांव खुर्द से धरमपुर सम्पर्क मार्ग के चैनेज 0.000 से 0.160 में विशेष मरम्मत का कार्य।	8.30	0.83	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
19	विकास खण्ड गौरीबाजार में पाननकुण्डा हनुमान मंदिर से भटौली तिराहे तक सम्पर्क मार्ग चैनेज 0.600-0.750	8.00	0.80	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
20	एस0एन0जी0डी0बी0 मार्ग से परसिया मिस्कारी प्राइमरी स्कूल सम्पर्क मार्ग	32.20	3.22	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
21	मोहनमठ सम्पर्क मार्ग चैनेज 0.600 से 0.200।	4.10	0.41	767	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
22	धमर भिस्वा मार्ग।	15.60	1.56	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
23	हरपुर सम्पर्क मार्ग	10.20	1.02	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
24	सवना परशुराम प्राथमिक पाठशाला स्कूल से सवना लक्ष्मण होते हुए वकील गौरा तक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। चैनेज 1.300-1.450	8.00	0.80	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
25	खैरा बनुआ से बनुआ के बीच की छूटी कड़ी चैनेज 0.400-0.500	5.50	0.55	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
26	देवरिया सोनूघाट से दानोपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	25.40	2.54	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
27	बहहरा से भदवरवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	7.90	0.79	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
28	बखरा खास सम्पर्क मार्ग चैनजे 1.150-1.220	3.60	0.36	767	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
29	देवरिया के कार्यालय परिसर का आन्तरिक मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	25.60	2.56	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
30	लगड़ा बाजार से बांकी सम्पर्क मार्ग के चैनेज 1.700 से 1.800 तक के भाग में सी0सी0 मार्ग के निर्माण का कार्य।	10.20	1.02	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
31	रामजानकी मार्ग के किमी0 152 से कपरवार कुबाईच टोला सम्पर्क मार्ग पर सी0सी0 मार्ग के निर्माण का कार्य।	12.30	1.23	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
32	देवरिया पकड़ी किमी0 19 से पड़री मिश्र सम्पर्क मार्ग के चैनेज 1.550 से 1.700 तक के भाग में सी0सी0 मार्ग के निर्माण का कार्य।	7.50	0.75	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
33	हरनौठा से बड़का गांव सम्पर्क मार्ग के चैनेज 0.600-0.750 तक के भाग में सी0सी0 व चैनेज 2.000-2.500 तक के भाग में पी0सी0 से विशेष मरम्मत का कार्य।	15.10	1.51	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
34	देवरिया बरहज मार्ग किमी0 6 बनुआडीह सम्पर्क मार्ग 0.000 से 0.200 तक के भाग में सी0सी0 मार्ग के निर्माण का कार्य।	10.10	1.01	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
35	कोड़री सम्पर्क मार्ग के चैनेज 0.000 से 0.215 तक विशेष मरम्मत का कार्य।	4.60	0.46	767	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
36	गौरीबाजार रूद्रपुर मार्ग के लुहठही बाजार से शिवपुर करिअहवा होते हुए खोरमा कन्हौली मार्ग तक निर्माण कार्य।	21.00	2.10	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
37	बिरवा से लेहड़ा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	15.80	1.58	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
38	बैदा सम्पर्क मार्ग के चैनेज 0.340 से 0.550 तक विशेष मरम्मत का कार्य।	10.80	1.08	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
39	रूद्रपुर गौरीबाजार मार्ग से अमौनी रामदेव यादव के घर तक।	5.40	0.54	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
40	सहउरा सम्पर्क मार्ग	7.80	0.78	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
41	पलिया हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग के चैनेज 0.000 से 0.175 व 0.620 से 0.780 तक विशेष मरम्मत का कार्य।	12.00	1.20	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
42	जोगम सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	19.50	1.95	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
43	पननहा बनियइनी होते हुए रूद्रपुर बाईपास तक मार्ग के किमी0 2 से बेलकुण्डा मल्ल टोला होते हुए करमेल चौराहा तक लिंक रोड।	14.60	1.46	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
44	दीनापुर से करौंदी सम्पर्क मार्ग।	5.00	0.50	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
45	ग्राम छपौली में हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य।	7.80	0.78	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
46	देवरिया पकड़ी से जद्दू परसिया अम्बेडकर सम्पर्क मार्ग चैनेज के 0.300-0.450 व 0.850-0.900 विशेष मरम्मत के साथ सी0सी0 का कार्य।	10.70	1.07	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
47	रामचक ग्राम सम्पर्क मार्ग।	14.80	1.48	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
48	लुहठही लिंक मार्ग।	25.60	2.56	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
49	रूद्रपुर करहकोल मार्ग से बलुअरा मिश्रडाडी सम्पर्क मार्ग के चैनेज 1.200 से 1.390 तक विशेष मरम्मत के साथ सी0सी0 का कार्य।	9.70	0.97	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
50	रूद्रपुर कपरवार मार्ग से देवकली जयराम सम्पर्क मार्ग के चैनेज 0.000-0.250 व 0.350-0.400 विशेष मरम्मत के साथ सी0सी0 का कार्य।	16.00	1.60	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
51	ग्राम सभा नई से भेड़ा पाकड़ सम्पर्क मार्ग	5.30	0.53	856	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
52	रूद्रपुर निबही से जफराबाद कोटिया सम्पर्क मार्ग चैनेज 0.500-0.800 विशेष मरम्मत के साथ सी0सी0 का कार्य।	16.30	1.63	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह
53	अवधपुर से सेखुई सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य।	21.00	2.10	944	प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, देवरिया	देवरिया वृत्त, लो0नि0वि0, देवरिया	गोरखपुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, देवरिया	2 माह

1. प्रत्येक निविदा की धरोहर धनराशि खाता UP E-Tender Online Account- Government के Internet Banking के द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. बिड डाक्यूमेंट बेवसाईट http://etender.up.nic.in एवं http://roc.uppwd.gov.in/Prahari पर दिनांक 05.11.2026 से 16.11.2026 के दोपहर 12:00 बजें तक अपलोड किये जा सकतें है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 16.11.2026 को 12:30 बजे अपरान्ह मे कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, देवरिया मे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 16.11.2026 को 12.00 बजे तक, शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे बेबसाईट http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा। निविदाओ का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है। जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना मे उपलब्ध है। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी बेवसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(जे.बी. सिंह)
अधिशासी अभियंता
प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि., देवरिया

उ.प्र.-260082/दिनांक 02-11-2026 इमेल-upinformataion@nic.in